

# जापान ओपन से भारत का सफाया

## लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग और अनुपमा उपाध्याय कड़े संघर्ष के बाद हारे



**टोक्यो 17 जुलाई. जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय शटलरों का संघर्ष जारी रहा। गुरुवार को लक्ष्य सेन और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी दूसरे दौर में ही बाहर हो गए।**

विश्व नंबर 18 लक्ष्य सेन को पुरुष एकल मैच में जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 11-21 से हार मिली। यह मैच लगभग एक घंटे तक चला।

पुरुष युगल में, सात्विक और चिराग को पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग से 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

एकमात्र बची हुई भारतीय खिलाड़ी, अनुपमा उपाध्याय ने चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी ही के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन राउंड ऑफ 16 के मैच में 55 मिनट में 21-13, 11-21, 12-21 से हार गईं।

## प्रज्ञानानंद, एरिगैसी क्वार्टर फाइनल में, कार्लसन हुए बाहर

**चेन्नई 17 जुलाई.** भारत के आर. प्रज्ञानानंद और अर्जुन एरिगैसी ने गुरुवार को लास वेगास ग्रैंड स्लैम फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं।प्रज्ञानानंद ने ग्रुप व्हाइट में 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि एरिगैसी ग्रुप ब्लैक में तीसरे स्थान पर रहे। पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ग्रुप व्हाइट में केवल पांचवें स्थान पर रह सके और अब लास वेगास खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं।प्रज्ञानानंद का क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के नेता कार्लसन के खिलाफ चौथे दौर में सफेद मोहरों से मिली शानदार जीत के कारण संभव हुआ। कार्लसन के पास लेवोन अरोनियन के साथ अंकों में बराबरी करने के बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने का अंतिम मौका था, लेकिन नॉर्वेजियन खिलाड़ी प्लेऑफ में लड़खड़ा गए और अब लास वेगास में केवल तीसरे स्थान पर ही रह सकते हैं। एरिगैसी ने अपने ग्रुप से चार अंक हासिल किए, जिसमें तीन जीत शामिल हैं, जिसमें




हमवतन विदित गुजराती पर मिली जीत भी शामिल है, जो स्टैंडिंग में अंतिम स्थान पर रहे। क्वार्टर फाइनल गुरुवार को होंगे, जिसमें सभी नॉकआउट मैच 30+30 क्लासिकल टाइम कंट्रोल में खेले जाएंगे।



# गन फॉर ग्लोरी में भोपाल का जलवा

## स्टेट एयर वेपन शूटिंग में भोपाल संभाग के निशानेबाजों ने मारी बाज़ी

**जबलपुर 17 जुलाई. गन फॉर ग्लोरी शूटिंग रेंज में आयोजित मध्य प्रदेश स्टेट एयर वेपन शूटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उत्साह का माहौल छा गया।**

**फरहान, इमरान और जाहरा को पदक सम्मान**

**अम्मार, स्वाति और ध्रुव ने भी बटोरे गोल्ड**

मध्य प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में एसोसिएशन के चेयरमैन डी के शुक्ला और सीईओ प्रियांशी शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग से आए निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। फरहान काशिफ ने एक सिल्वर, इमरान खान ने एक सिल्वर और जाहरा सिद्दीकी ने एक गोल्ड मेडल जीता, जो भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इसके अलावा, अम्मार (भोपाल) ने भी ए 100 कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया।

गन फॉर ग्लोरी शूटिंग रेंज की चित्रा सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से सैकड़ों निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। अलग-अलग आयु वर्गों में हुई इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से लेकर वरिष्ठ निशानेबाजों तक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 16 जुलाई से 23 जुलाई तक जारी रहेगी, जिसमें राज्यभर के युवा और अनुभवी निशानेबाज भाग ले रहे हैं।

### अन्य पदक विजेता

- ए 92 कैटेगरी ओपन साइट 10 मीटर- मो. फरहान (भोपाल) ने गोल्ड और इमरान खान (भोपाल) ने सिल्वर जीता।
- ए 105- पीयूष सोन (जबलपुर जीएफजी) को गोल्ड, फरहान काशिफ (भोपाल) को सिल्वर मिला।
- ए 95- ध्रुव अग्रवाल ने गोल्ड, गर्व कुशवाहा (जीएफजी) ने सिल्वर जीता।
- ए 98- स्वयं इमलाहा (जबलपुर जीएफजी) ने गोल्ड, ध्रुव अग्रवाल ने सिल्वर हासिल किया।
- ए 100- श्रेय पाठक (सागर) ने गोल्ड, अंश परमार (सागर) ने सिल्वर जीता।
- ए 94- स्वाति जैन (जीएफजी) ने गोल्ड, मौलश्री शुक्ला (खंडवा) ने सिल्वर जीता।
- ए 97 वूमेन कैटेगरी- स्वाति जैन (जबलपुर) ने गोल्ड, मीमांसा रघुवंशी ने सिल्वर हासिल किया।
- ए 99- जाहरा सिद्दीकी (भोपाल) ने गोल्ड, अनाया जैन (जबलपुर) ने सिल्वर जीता।
- ए 101- अनाया ने गोल्ड और स्वाति ने सिल्वर मेडल जीता।

## एक नजर में



### प्रो लीग में हार भारत के लिए चेतावनी : श्रीजेश

**नयी दिल्ली.** भारत के पूर्व महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन अगस्त में होने वाले एशिया कप से पहले एक चेतावनी है। कल शाम 20वें वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के उद्घाटन समारोह में पत्रकारों से बातचीत में श्रीजेश ने कहा, मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि परिणाम हमारे खिलाफ जाता है। यह परिणाम एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले हमारे लिए एक चेतावनी है। भारत एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था। एशिया कप 2025 राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होंगे।

### ओरिएंटल कप 2025 का तीसरा सीजन 21 से

**नई दिल्ली.** छात्र-एथलीट फरीद बख्शी द्वारा स्थापित एक उभरते हुए स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट, ओरिएंटल कप के तीसरे सीजन की गुरूवार को यहां आधिकारिक घोषणा की गई। 21 जुलाई से 29 जुलाई, 2025 तक चलने वाला यह टूर्नामेंट प्रतिष्ठित डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें दिल्ली भर के स्कूलों की 36 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें से 24 टीमें लड़कों (अंडर-15) वर्ग में और 12 टीमें लड़कियों (अंडर-19) वर्ग में होंगी। यह टूर्नामेंट प्रतिस्पर्धी स्कूल फुटबॉल के लिए एक समावेशी और संरचित मंच प्रदान करने के अपने मिशन को जारी रखेगा। 2025 का संस्करण तीन चरणों वाला होगा, जिसमें क्वालीफायर राउंड से शुरुआत होगी, उसके बाद लीग चरण और लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों के लिए फाइनल होगा। ओरिएंटल कप दिल्ली के स्कूली खेल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण आयोजन बनता जा रहा है।

### जान अर्बन पोलैंड राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच

**वारसॉ.** पोलैंड की फुटबॉल एसोसिएशन (पीजेडपीएन) ने जान अर्बन को पुरुष फुटबॉल टीम का नया कोच बनाया गया है। 63 वर्षीय अर्बन ने मिशल प्रोबिएर्ज की जगह ली है, जिन्होंने फीफा विश्व कप क्वालीफायर में हेलसिंकी में फिनलैंड से 2-1 से हार के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। पीजेडपीएन की आधिकारिक वेबसाइट पर अर्बन के हवाले से कहा गया, मुझे बहुत खुशी है कि मुझे राष्ट्रीय टीम में काम करने का मौका मिला है। हर कोच की अपनी शैली और विचार होते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात टीम की क्षमता का अधिकतम उपयोग करना है। पीजेडपीएन के अध्यक्ष सेजरी कुलेस्जा ने कहा, हमारा लक्ष्य 2026 फीफा विश्वकप के लिए क्वालीफाई करना है। मैं कोच की सफलता की कामना करता हूँ और उन्हें विश्वास दिलाता हूँ कि उन्हें हमारा पूरा समर्थन मिलेगा।

### नेहा त्रिपाठी महिला गोल्फ में शीर्ष पर

**होसुर (तमिलनाडु).** भारतीय महिला सर्किट की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक नेहा त्रिपाठी ने दूसरे दौर में सात अंडर 65 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के नौवें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली है। तैंतीस साल की नेहा जहां शीर्ष पर पहुंची तो वहीं पहले दौर के बाद शीर्ष पर काबिज अमनदीप द्राल दूसरे दौर में चार ओवर 76 के लचर प्रदर्शन से इस 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर खिसक गईं। वर्ष 2023 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार कर रहीं नेहा ने छह बर्डी और एक ईगल किया लेकिन एक बोगी भी कर गईं। नेहा ने जैस्मिन शेखर (72 और 67) पर तीन शॉट की बढ़त बना रखी है जिन्होंने दूसरे दौर में बोगी रहित 67 का स्कोर बनाया। कीर्ति चौहान (69) तीसरे जबकि सानवी सोमू (73-70) चौथे स्थान पर हैं।

# मांडविया ने ओलंपिक 2036 की रोडमैप दी

## कोच, खेल प्रशासक, डोपिंग नियंत्रण पर विशेष फोकस

**नयी दिल्ली, 17 जुलाई (वार्ता)** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2036 और पैरालंपिक में शीर्ष 10 देशों में स्थान पाने के लिए भारत की पदक रणनीति की रूपरेखा आज प्रस्तुत की।

डॉ. मांडविया ने आज यहां आयोजित 'खेलो भारत कॉन्क्लेव' में राष्ट्रीय खेल महासंघों, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), संस्थानों, शीर्ष कॉर्पोरेट घरानों और भारतीय खेल प्रशासन के प्रमुख लोगों के प्रतिनिधियों के साथ एक दिवसीय विचार-मंथन सत्र में भाग लिया। इसका उद्देश्य 2047 तक भारत को एक वैश्विक शक्ति बनाना है। इस इंटरैक्टिव कॉन्क्लेव में खेलो भारत नीति 2025 (खेल नीति) में निहित कई प्रमुख स्तंभों पर चर्चा की गई। सुशासन के महत्व और 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में पेश किए जाने वाले आगामी विधेयक पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा, खेल एक जन आंदोलन है। हम लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं और उन्हें तभी प्राप्त कर सकते हैं जब हम सभी मिलकर काम करें। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा खेलों के मामले में एकजुट शक्ति में विश्वास करते हैं और हमें अपना अहंकार त्यागना होगा, व्यापक योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए योजनाओं को सार्थक परिणाम में बदलना होगा।



> डॉ. मांडविया ने राष्ट्रीय खेल महासंघों पर नेतृत्व संभालने और युद्धस्तर पर सुशासन की प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेदारी देते हुए कहा, हमें तुरंत आकलन करना होगा कि हम कहां हैं और कहां जाना चाहते हैं। सबसे पहले, मैं राष्ट्रीय खेल महासंघों से अगस्त तक मुझे पांच साल की नीति प्रदान करने का आग्रह करता हूँ और फिर हम दस साल की योजना बना सकते हैं। 2026 में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए, हमें एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है क्योंकि हम न केवल ओलंपिक में पदक जीतना चाहते हैं, बल्कि खेलों को एक व्यावसायिक संपत्ति बनाना चाहते हैं जहां हम दुनिया को भारत में खेलने के लिए आमंत्रित कर सकें और लद्दाख तथा जम्मू-कश्मीर में खेल पर्यटन को बढ़ावा दे सकें।

# चौथे टेस्ट में बुमराह जरूरी

नयी दिल्ली, 17 जुलाई (वार्ता) पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने महत्वपूर्ण चौथे टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में जसप्रीत बुमराह को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया है।

**दीप दासगुप्ता ने बुमराह को बताया अहम**

बुमराह सीरीज के दूसरे टेस्ट में नहीं खेले थे लेकिन तीसरे टेस्ट में उन्होंने वापसी की। सीरीज से पहले कहा गया था कि बुमराह के कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए वह सीरीज में तीन टेस्ट में खेलेंगे। भारत सीरीज में 1-2 से पीछे है। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होना है।

जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ दीपदास ने कहा, चौथे टेस्ट में



जसप्रीत बुमराह, बिल्कुल। मैंने अफवाहें सुनी हैं कि उन्हें पहले, तीसरे और पांचवें टेस्ट में खेलाने की योजना थी। लेकिन चूंकि भारत 2-1 से पीछे है, इसलिए वापसी के लिए चौथा टेस्ट बेहद अहम हो जाता है। आप जरूर चाहेंगे कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज खेले। और दोनों टेस्ट मैचों के बीच 8 दिनों का अंतर है। पांचवां टेस्ट तभी प्रासंगिक होगा जब चौथे टेस्ट में क्या होता है.

# डूरंड कप की पुरस्कार राशि तीन गुना बढ़ी

**कोलकाता, 17 जुलाई (वार्ता)** 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की आयोजन समिति ने घोषणा की है कि इस वर्ष के टूर्नामेंट की कुल नकद पुरस्कार राशि तीन गुना बढ़कर 3 करोड़ रुपये हो जाएगी। यह घोषणा कोलकाता में ट्रॉफी अनावरण समारोह के दौरान की गई।

सिटी ऑफ जॉय एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है। विजेता और उपविजेता टीमों के साथ, सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों के साथ-साथ तीन व्यक्तिगत पुरस्कारों को भी पुरस्कार राशि में हिस्सा मिलेगा। डूरंड कप की तीन ट्रॉफियां यहां एओआई विजय दुर्ग में पश्चिम बंगाल सरकार के बिजली, आवास, युवा सेवा एवं खेल विभाग के प्रभारी मंत्री अरूप बिस्वास की उपस्थिति में प्रदर्शित की गईं, जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। चांदी की तीन चमचमाती ट्रॉफियां, डूरंड कप, मूल पुरस्कार और शिमला ट्रॉफी (शिमला के निवासियों द्वारा 1904 में प्रदान की गई), साथ ही प्रेसिडेंट कप, जिसे विजेता स्थायी रूप से रखते हैं, का गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अनावरण किया गया।

DURAND CUP
SINCE 1888

- **1.2 करोड़ से बढ़कर हुई 3 करोड़ रुपए**
- **टूर्नामेंट में 24 टीमें 6 ग्रुपों में बंटकर खेलेंगी**

> अरूप बिस्वास ने कहा, 23 अगस्त को ग्रैंड फिनाले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति के साथ, माहौल उत्साहपूर्ण होने की उम्मीद है। मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी जैसे प्रमुख क्लबों के लिए टिकट आवंटन को भी अंतिम रूप दे दिया गया है.

# वेस्टइंडीज टी-20 टीम में दो नए चेहरे

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज़ में एंड्रयू-ब्लेड्स को मौका

**जमैका, 17 जुलाई (वार्ता) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 जुलाई से शुरु होने वाली पांच**

**विकेट कीपर ज्वेल एंड्रयू पहली बार टी-20 टीम में**

**शाई होप संभालेंगे टीम की कप्तानी**

**आंद्रे रसेल सिर्फ पहले दो मैचों में खेलेंगे**

**टी-20 मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने 16 सदस्यीय टीम में ज्वेल एंड्रयू और जेडिया ब्लेड्स को शामिल किया है।**

चयनकर्ताओं ने स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू को टी-20 टीम में जगह दी हैं। वहीं 2024 में एकदिवसीय में पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडिया ब्लेड्स ने पावरप्ले गेंदबाजी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।टीम की कमान शाई होप के हाथ होगी, जिसमें जेसन होल्डर, अकील होसेन और रोवमैन पॉवेल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। आंद्रे रसेल, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले हैं, पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का हिस्सा होंगे।

### पहले दो टी-20 मैच के लिए विंडीज टीम

शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, जेडिया ब्लेड्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड।

**बोले मैकडोनाल्ड** ▶ **ख्वाजा-कोंस्टास नहीं लगा पाए अर्द्धशतक, घरेलू शील्ड में प्रदर्शन से तय होगी जगह**

# शीर्ष क्रम को लेकर अभी भी 'अनिश्चितता' बरकरार

**जमैका, 17 जुलाई (वार्ता)** ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड का मानना है कि कैरेबियाई दौरे पर टेस्ट श्रृंखला में वेस्टइंडीज का 3-0 से सफाया करने के बावजूद सलामी जोड़ी को लेकर अभी भी 'अनिश्चित' स्थिति बनी हुई है।

ऑस्ट्रेलिया के दो सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और सैम कोंस्टास, उनके शीर्ष सात बल्लेबाजो में से थे जिन्होंने तीन टेस्ट मैचों के दौरान अर्धशतक नहीं लगाए। जहां हाल के दिनों में बल्लेबाजी के लिए सबसे कठिन परिस्थितियां पैदा हुईं, जहां दोनों टीमों का संयुक्त औसत (17.68) तीन या अधिक मैचों की किसी भी द्विपक्षीय श्रृंखला के इतिहास में चौथा सबसे कम था। ख्वाजा की सर्वश्रेष्ठ पारी 47 रन की थी। जबकि कोंस्टास का दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 25 रन का सर्वोच्च स्कोर था। मैकडोनाल्ड ने कहा कि उन्हें लगता है कि ख्वाजा घरेलू समर में इंग्लैंड के खिलाफ अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि कोंस्टास के लिए, शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के लिए उनका प्रदर्शन टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए बेहद अहम होगा। इससे मार्नस लाबुशेन, जिन्हें वेस्टइंडीज सीरीज के लिए टीम से बाहर रखा गया था, के साथ-साथ पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाजों कैमरन बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस और मैथ्यू रेनशॉ जैसे अन्य खिलाड़ियों के लिए घरेलू समर की शुरुआत में अपनी दावेदारी पेश करने का रास्ता खुल गया है। नाथन मैकस्वीनी और जेक वेदरल्ड, जिन्होंने डार्विन में श्रीलंका ए के साथ ऑस्ट्रेलिया ए के पहले चार दिवसीय मुकाबले में क्रमश: 94 और 54 रन बनाए थे, भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। जमैका में तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 176 रनों की जीत के बाद मैकडोनाल्ड ने सेन रेडियो से कहा, मुझे लगता है कि सीजन की शुरुआत में शील्ड क्रिकेट के मामले में (कोंस्टास) बाकी सभी खिलाड़ियों की तरह ही होंगे।



### कैम ग्रीन किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकते हैं

मैकडोनाल्ड ने कहा, वह कुछ ऐसी जानकारी हासिल करेगा जिससे कोन्स्टास के विकास में तेजी आएगी। पूरी श्रृंखला में मिले अनुभव से उसके लिए कुछ बेहतरीन मौके बनेंगे और वह सोच-विचार कर यह समझ पाएगा कि उसके लिए क्या मायने रखता है। वह एक बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। समय के साथ उनके कौशल को देखते हुए, मुझे लगता है कि हम असली सैम कोंस्टास को देखेंगे और इस समय वह अपने आक्रामक स्वभाव, अपनी तकनीक और जिस तरह से वह खेलना चाहते हैं, उसके साथ तालमेल बिठा रहे हैं। हम उन्हें एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखते हैं जिसका हम आगे भी इस्तेमाल करेंगे, बस यह कब होगा, यह बाद की बात है। मैकडोनाल्ड ने कहा, कैमरन ग्रीन ने उस आखिरी टेस्ट मैच में जो दो अर्धशतक बनाए, उनमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। हमें पूरा भरोसा है कि कैम ग्रीन किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, और तीसरे नंबर पर उनका आना एक अच्छा कदम था। अगर वह तीसरे नंबर पर तय हो गए हैं और ऐसा लगता है कि यही उनकी स्थिति है और हम इसे तय कर सकते हैं, तो हम उस दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने ग्रीन की गेंदबाजी में वापसी को लेकर कहा, ऐसा होने पर हमारे पास विकल्प होंगे।